छात्रों को शिक्षा में सहयोग देने के लिए समझौता

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

सेक्टर-16 स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने शुक्रवार को भारतीय कम्पनी सचिव दिल्ली के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। ये कार्यक्रम कम्पनी सचिव दिल्ली के फरीदाबाद चैप्टर सेक्टर-16 में आयोजित किया गया।

समझौते पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार गुप्ता और फरीदाबाद चैप्टर के आध्यक्ष सीएस आरुण गोयल ने हस्ताक्षर किए। प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों को शिक्षा में सहयोग देना है। एमओयू के तहत भविष्य में आईसीएसआई की परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय परिसर मे किया जा सकता है।

वहीं कम्पनी की ओर से महाविद्यालय में छात्रों की जानकारी बढ़ाने के लिए समय-समय पर सेमीनार, वर्कशॉप व विभिन्न प्रतियोगताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए कॉलेज के छात्रों को कंपनी सेक्रेटरी के बारे में जानकारी मिलेगी। दोनें संस्थानों के विषय विशेषज्ञ छात्रों की जानकारी विभिन्न विषयों पर बढ़ाएंगे। मौके पर सीएस विमल कुमार गुप्ता, डॉ. निधि गुप्ता आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

Faridabad Hindustan ab tak/Dinesh Bhardwaj : 23 अप्रैल। पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद एवं भारतीय कम्पनी सचिव दिल्ली के मध्य MOU पर हस्ताक्षर किए गये। यह कार्यक्रम कम्पनी सचिव दिल्ली के फरीदाबाद चैपटर, सैक्टर-16 ए, फरीदाबाद में आयोजित किया गया। इस MOU पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 महेन्द्र कुमार गुप्ता एवं सी.एस. श्री अरूण गोयल, अध्यक्ष फरीदाबाद चैपटर के द्वारा किए गये। इस समय सी.एस. श्री विमल कुमार गुप्ता अध्यक्ष NIRC व ICSI तथा डॉ0 निधि गुप्ता फैक्लटी वाणिज्य पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद तथा दोनों तरफ से स्टाफ ऑनलाईन उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त श्रीमती सुमन अध्यक्ष सहायक निदेशक ICSI श्री अरविन्द कुमार ICSI फरीदाबाद तथा श्रीमती प्रीती कपूर अध्यक्ष वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद से संस्थान में उपस्थित थे। MOU का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग प्रदान करना है। यह MOU दोनों संस्थानों में अलग तरह का है।

रह कारोना के चलते अगले दो सप्ताह वायरस से बचाव हो।

नेहरू कॉलेज तथा भारतीय कम्पनी सचिव दिल्ली के मध्य एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

फरीदाबाद दर्शन संवाददाता

फरीदाबाद । पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद एवं भारतीय कम्पनी सचिव दिल्ली के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गये। यह कार्यक्रम कम्पनी सचिव दिल्ली के फरीदाबाद चैपटर, सैक्टर-16 ए, फरीदाबाद में आयोजित किया गया। इस एमओयू पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 महेन्द्र कुमार गुप्ता एवं सी.एस. श्री अनिल गोयल, अध्यक्ष फरीदाबाद चैपटर के द्वारा किए गये। इस समय सी.एस. श्री विमल कुमार गुप्ता अध्यक्ष **NIRC of ICSI** तथा डॉ0 निधि गुप्ता फैक्लटी वाणिज्य पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद तथा दोनों तरफ से स्टाफ ऑनलाईन उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त श्रीमती सुमन अध्यक्ष सहायक निदेशक **ICSI** श्री अरविन्द कुमार **ICSI** फरीदाबाद तथा श्रीमती प्रीती कपूर अध्यक्ष वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद से संस्थान में संस्थान शैक्षणिक रूप में एक दूसरे का सहयोग करेगें। भविष्य में **ICSI** की परीक्षा का आयोजन भी महाविद्यालय प्रांगण में किया जा सकता है।

कम्पनी तथा महाविद्यालय दोनों मिलकर विद्यार्थियों के मनोबल को बढावा देने के लिए समय-समय पर सेमीनार, वर्कशॉप, अन्य प्रकार की प्रतियोगताओं का आयोजन करेगें जिससे विद्यार्थियों में कम्पनी सेक्रेटरी के प्रति जागरूता उत्पन्न होगी और रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

दोनों संस्थानों के विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को जानक[illegible] सकते है। महाविद्यालय में अ[illegible] लगभग 6500 विद्यार्थियो [illegible]को। पारम्पारिक विषयों एवं डिग्री के साथ पेशेवर कोर्सो के साथ रूझान बढेगा। जिससे विद्यार्थियों में **CS** करने में आसानी होगी और कम्पनी अधिनियमों के अधीन कम्पनी सचिव की आवश्यकता पूर्ती में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का ध्यान/ज्ञान वृद्धित होगा।